लाल, सफेद और नीले रंगों से इस दृश्य को फ्रेम करना मेरी समझ में प्रेम-संबंध के intense पर फ़ोकस और रंगों को उनकी महत्ता से जोड़ कर दर्शाया गया है। इसमें और एक अलग विचार जो मैंने महसूस किया वो ये था कि तीनो रंगों को शरीर के अलग अलग अंगों और भावनाओं से जोड़ा है, जैसे
लाल जब इस्तेमाल किया गया उस दौरान कैमिली अपने शरीर के पैर,घुटने,जांघ,स्तन का उल्लेख करती है, जो की sexual attraction की तरफ़ ज़्यादा खिंचती है। जो कि उत्तेजना, विवाद जैसे विचारो को जन्म देता है।

सफेद फ़िल्टर के साथ इस्तेमाल कंधे और हाथों के साथ किया गया है, जिसको उत्तरदायित्व और ज़िम्मेदारी का प्रतीक है और इस रंग का महत्व भी इन ताकत की दृढ़ता को दर्शाता है।

जबकि नीले रंग का उपयोग चेहरे, आँख, नाक, कान के साथ जुड़ा हुआ है, जो कि एक शुद्ध जल के सारे गुणों को दर्शाता है, और एक सच्चा प्रेम सच्चे गुणों के अधीन होता है।
और शायद इसलिए ही अंत मे जब पॉल, कैमिली की चेहरे,आँख,नाक को प्यार के सम्बंध में स्वीकारता है तब कैमिली उसे सच्चा प्यार करने वाली साथी का उल्लेख करती है।